


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 27 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 204 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार सोमवार को हरे निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 546.64 अंक बढ़कर 77,210.85 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 169.55 अंक बढ़कर 24,067.50 अंक पर आ गया। डॉलर की निरंतर मांग और सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर व्यापक रुझान के कारण सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे गिरकर 94.27 पर आ गया।

## टीएमसी की महिला सांसद पर भाजपा समर्थकों का हमला!

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली में सोमवार को टीएमसी सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ। टीएमसी सांसद का आरोप है कि गोगहाट में उनकी गाड़ी पर ईंट-पत्थर और लाठियों से हमला किया गया। मिताली बाग गोगहाट से आरामबाग में अभिषेक बनर्जी के रोड शो में शामिल होने जा रही थीं। इसी दौरान उन पर हमला हुआ। हमले में कार के शीशे टूट गए। मिताली बाग और उनके ड्राइवर को चोट आई है। इससे पहले रविवार रात को उत्तर 24 परगना जिले के जगदल में BJP और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। इसमें तीन लोग घायल हुए, जबकि एक CISF जवान के पैर में गोली है।

## पंजाब में पूर्व डीआईजी भुल्लर के खिलाफ ईडी की ताबड़तोड़ छापेमारी

**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 के तहत हरचरण सिंह भुल्लर (पूर्व डीआईजी) और अन्य से जुड़े मामले में 11 जगहों (चंडीगढ़-2, लुधियाना-5, पटियाला-2, नाभा-1 और जालंधर-1) पर तलाशी ले रहा है। ये तलाशियां आरोपियों, उनके सहयोगियों और संदिग्ध बेनामीदारों से जुड़ी हैं। अधिकारियों के अनुसार, इस तलाशी अभियान का मकसद अपराध से हासिल हुई और संपत्ति का पता लगाना, बेनामी संपत्तियों की पहचान करना और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े सबूत इकट्ठा करना है।

## अब 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' रिलीज नहीं कर सकेगी ZEE5

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई द्वारा ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' डॉक्यूसीरीज के प्रसारण के संबंध में दायर याचिका पर कार्यवाही समाप्त कर दी। अदालत ने केंद्र सरकार की सलाह के मद्देनजर मामले में अब कुछ बाकी नहीं रहने का आदेश जारी किया। इसी के साथ अब लॉरेंस पर बनी यह डॉक्यूसीरीज ओटीटी पर जारी नहीं की जा सकती है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी की गई सलाहों को रद किए बिना निर्माता कंपनी डॉक्यूसीरीज जारी करने की स्थिति में नहीं हो सकती। याचिकाकर्ता के वकील ने आशंका जताई कि नाम बदलकर या किसी अन्य रूप में सीरीज जारी की जा सकती है।

# इंसाफ की उम्मीद नहीं

## केजरीवाल का महिला जज के सामने पेश होने से इंकार, कहा-जो भी फैसला होगा, मान लेंगे





### ● क्या जज साहिबा सॉलिसिटर जनरल के खिलाफ फैसला सुना पाएंगी? मैं अब सुप्रीम कोर्ट में करूंगा अपील

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को चिट्ठी लिखकर कहा है कि वह आबकारी मामले में सीबीआई की अपील याचिका पर उनके सामने स्वयं या वकील के जरिए पेश नहीं होंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि स्वर्ण कांता शर्मा जो भी निर्णय करेंगी, उसे वह स्वीकार करेंगे। इस पत्र की पुष्टि अरविंद केजरीवाल के अधिवक्ता विवेक जैन ने की है। उन्होंने पत्र में कहा, 'मेरी जस्टिस स्वर्णकांता जी से न्याय मिलने की उम्मीद टूट चुकी है। केजरीवाल ने कहा है कि मैंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए फैसला किया है और इसलिए मैंने गांधी जी के सत्याग्रह पे चलने का फैसला लिया है।' केजरीवाल ने कहा कि उन्हें जस्टिस स्वर्ण कांता से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है और जस्टिस स्वर्णकांता जो फैसला करेंगी उन्हें स्वीकार होगा और फैसले के खिलाफ वे कानून के तहत सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को वीडियो जारी कर कहा, 'शराब नीति घोटाला मामले में मैं हाईकोर्ट में न खुद पेश होऊंगा और न ही कोई मेरी तरफ से दलीलें रखेगा।' उन्होंने कहा, हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। पूर्व सीएम ने जस्टिस स्वर्णकांता को लेटर भी लिखा। इसमें कहा, 'मैंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए महात्मा गांधी के सत्याग्रह का रास्ता अपनाने का फैसला किया है। इसकी वजह है कि जस्टिस स्वर्णकांता के दोनों बच्चे केंद्र सरकार के वकील के पैनल का हिस्सा हैं। इसमें साफ तौर पर हितों का टकराव दिखता है।' उन्होंने कहा, 'सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता दोनों बच्चों को केस देते हैं। उनके बेटे को 2023 से 2025 के बीच करीब 5904 केस मिले। अगर जज के बच्चों का भविष्य सॉलिसिटर जनरल तय कर रहे हैं तो क्या जज साहिबा उनके खिलाफ फैसला सुना पाएंगी।' दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में निजली अदालत ने केजरीवाल समेत 24 आरोपियों को बरी कर दिया है। सीबीआई ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा इस केस की सुनवाई कर रही हैं। केजरीवाल उन पर हितों के टकराव का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने जस्टिस स्वर्णकांता की कोर्ट में उन्हीं को हटाने की याचिका लगाई। केजरीवाल ने खुद इस केस की पैरवी की। 20 अप्रैल को जस्टिस स्वर्णकांता ने यह याचिका खारिज कर दी। मैं इस मामले से खुद को अलग नहीं करूंगी। मैं सुनवाई करूंगी। मैं हट गई तो संदेश जाएगा कि दबाव डालकर किसी भी केस से जज को हटाया जा सकता है। मुझे एक झूठे केस में फंसाया गया और जेल भेज दिया गया। एक चुनी हुई सरकार को गलत तरीके से गिरा दिया गया। हमें कई महीने जेल में रखा, लेकिन आखिरकार सच की जीत हुई। निचली कोर्ट ने मुझे पूरी तरह निर्दोष घोषित कर दिया।

### बंगाल में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पीएम ने किया जीत का दावा

## अब सीधे शपथ ग्रहण में आएंगे

### ● टीएमसी को बताया झूठी और गालीबाज



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले बीजेपी के लिए ज़ोरदार प्रचार किया। बैरकपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने इसे राज्य में अपना आखिरी चुनावी कार्यक्रम बताया और पार्टी के प्रदर्शन को लेकर भरोसा जताया। उन्होंने यह भी कहा कि वह बीजेपी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए वापस आएंगे, जिससे पार्टी द्वारा सरकार बनाने को लेकर उनका आशावाद ज़ाहिर हुआ। इस चुनाव में यह मेरी आखिरी रैली है। पीएम मोदी ने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उसके शासन में राज्य में औद्योगिक गतिविधियाँ कम हो गई हैं और फैक्ट्रियाँ बंद हो गई हैं। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार के पास पश्चिम बंगाल के भविष्य के विकास के लिए कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है। 'डबल-इंजन सरकार' की ज़रूरत पर ज़ोर देते हुए मोदी ने तर्क दिया कि तेज़ विकास तभी संभव होगा जब राज्य और केंद्र मिलकर काम करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के 'सिंडिकेट सिस्टम' को खत्म किया जाना चाहिए।

## बंगाल जाने से पहले जनसेवा का संकल्प पूरा कर गए सीएम



**लखनऊ/नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन प. बंगाल रवाना होने से पहले जनसेवा का संकल्प भी पूरा किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों की पीड़ा सुनी और अधिकारियों को संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में आए सभी फरियादियों से मुलाकात की। एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया, फिर अधिकारियों को समय सीमा के भीतर समाधान कराने को कहा। राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समयसीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करके पीड़ित को सूचित करना होगा।

## गाजीपुर जा रहे कांग्रेसी हवाई अड्डे से गिरफ्तार


### निशा विश्वकर्मा हत्याकांड



**वाराणसी/गाजीपुर।** गाजीपुर के करंडा ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत कटरिया में हुए निशा विश्वकर्मा हत्या कांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य घटना के बाद पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करने तथा न्याय की आवाज बुलंद करने के लिए कांग्रेस पार्टी का एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल आज गाजीपुर जाने वाला था, जिसमें ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद, अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र गौतम, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू, राज्यसभा सांसद कर्मवीर सिंह बौद्ध, राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र बघेल, राष्ट्रीय सचिव सुभाषिनी यादव सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे इन नेताओं को बाबतपुर हवाई अड्डे के अंदर रोककर गिरफ्तार किया गया है। वही बाबतपुर एयरपोर्ट के पास से महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ मनोज यादव को गिरफ्तार करके सिंधौरा थाने ले जाया गया है वही एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर नेताओं को बड़ागांव थाने लाया गया। बताते चलें कि कल रात से ही पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेस नेताओं को जगह-जगह उनके आवासों पर नजरबंद किया जा रहा है।

## दिल्ली, यूपी, बिहार समेत कई राज्यों में आंधी-पानी का अलर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली से यूपी बिहार और राजस्थान तक उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। लेकिन इस बीच आज यानी 27 अप्रैल से मौसम विभाग (IMD) ने 11 राज्यों में बारिश के साथ आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है।




# सड़क हादसे में 11 हार गए जिन्दगी की बाजी

## जौनपुर में ट्रक ने ऑटो को उड़ाया, सारण में कार से भिड़ गया टैंपो

### ● शादी की खुशियां बदली मातम में, घटना के बाद ट्रक का चालक मौके से भाग निकला



**जौनपुर।** मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। जौनपुर- रायबरेली हाईवे पर सतहारिया के आगे पुलिया के पास सुबह करीब 6 बजे सवारियों से भरा एक ऑटो रिक्शा तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हैं। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग गया। ऑटो मछलीशहर से मुंगरा बादशाहपुर की तरफ सवारियों को लेकर आ रहा था। जैसे ही वह सतहरिया पुलिया के पास पहुंचा सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

### बिहार में भीषण सड़क हादसा

**दिघवारा/गड़खा (सारण)।** सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। सैदपुर गांव के समीप टेंपो और तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर में एक महिला समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मृतक के गांव में शोक का माहौल है। बताया जाता है कि सभी लोग दिघवारा के मानोपुर से शिव चर्चा कार्यक्रम में शामिल होकर टेंपो से अपने गांव गड़खा थाना क्षेत्र के झौवा बसंत लौट रहे थे। इसी दौरान सैदपुर के पास अचानक तेज रफ्तार और अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। और मौके पर चीख-पुकार मच गयी।

### नर्मदापुरम कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच टक्कर

**नर्मदापुरम (एमपी)।** माखननगर थाना क्षेत्र में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब एक से दो बजे के बीच नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर आंचलखेड़ा गांव के पास यह दर्दनाक दुर्घटना हुई जिसमें पांच लोगों की जान मौक पर ही चली गयी जबकि छह लोगों गंभीर रूप से घायल हो गए।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 43.1⁰C
● तापमान न्यूनतम : 24.0⁰C
● सूर्योदय : 05.29
● सूर्यास्त : 06.34
वाराणसी, 27 अप्रैल, सोमवार, 2026 (3)





निशा विश्वकर्मा हत्याकांड की सच्चाई जानने गाजीपुर जा रहे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेता, जिन्हें वाराणसी एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

## नारी वंदन अधिनियम के समर्थन में बनायी मानव श्रृंखला

# महिलाओं ने निकाला मार्च



● कॉलेज की छात्राओं और महिला खिलाड़ियों की बड़ी संख्या में भागीदारी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पूर्व सोमवार को वाराणसी में नारी शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन देखने को मिला। 1000 से अधिक महिला खिलाड़ियों और विकास इंटर कॉलेज की छात्राओं ने एकजुट होकर नारी वंदन अधिनियम के समर्थन में विशाल मानव श्रृंखला बनाई, जिससे पूरे शहर में महिला सशक्तिकरण का संदेश फैला। हाथों में तख्तियां और तिरंगा लिए छात्राओं और खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मानव श्रृंखला के बाद सभी प्रतिभागियों ने विकास इंटर कॉलेज से नटनिया दाई मंदिर तक जागरूकता मार्च निकाला। इस दौरान राहगीरों और स्थानीय लोगों को नारी वंदन अधिनियम के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम में हैंडबॉल, रग्बी, टेबल टेनिस, जूडो और हाकी की महिला खिलाड़ियों की सक्रिय भागीदारी रही। खिलाड़ियों ने एक स्वर में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के लिए उठाए गए कदम सराहनीय हैं। उनका विश्वास है कि संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से महिलाओं की स्थिति में ऐतिहासिक बदलाव आएगा और वे निर्णय लेने की प्रक्रिया में मजबूत भागीदारी निभा सकेंगी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ए.के. सिंह ने बताया कि उनका संस्थान हमेशा से महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि कॉलेज से अब तक तीन अंतरराष्ट्रीय और 22 राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ी देश और शहर का नाम रोशन कर चुकी हैं। इस कार्यक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब महिलाएं एकजुट होती हैं, तो वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं। वाराणसी में इस प्रकार के आयोजनों की आवश्यकता है, ताकि नारी शक्ति को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके और समाज में समानता की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकें।, यह आयोजन सामाजिक जागरूकता का प्रतीक है, साथ ही यह महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है।

### बरेका में महिलाओं के लिए तैयार हो रहा विशेष पंडाल

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को ध्यान में रखकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूरे शहर को चमकाने का काम प्रशासन कर रहा है। बरेका में जर्मन हैंगर तकनीक से पंडाल तैयार किया जा रहा है। केसरिया रंग से पूरे पंडाल को सजाया जा रहा है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए ऊंचाई के साथ-साथ यहां एसी, कूलर और पंखों का पर्याप्त इंतजाम किया जा रहा है। 40 हजार महिलाओं के बैठने की व्यवस्था बनाई जा रही है। इसके लिए आठों विधानसभाओं को लक्ष्य दिया गया है। जगह-जगह हो रही पेंटिंग के तहत बरियासनपुर के डॉ. शशिकांत सिंह पीजी कॉलेज की छात्राएं बैरिकेडिंग पर महाराष्ट्र की लोककला 'वर्ली' से संबंधित चित्र बना रही हैं।

## महिला को कार से धक्का लगने पर कारोबारी को पीट-पीटकर मार डाला



● गिड़गिड़ाकर जिन्दगी की भीख मांगता रहा व्यापारी लेकिन किसी ने रहम नहीं किया

**वाराणसी।** वाराणसी में कार से महिला को ठोकर लगने के बाद गुस्साई भीड़ ने कारोबारी को पीट-पीटकर मार डाला। कारोबारी को लात-घूसों और ईंट से तबतक पीटते रहे जबतक उनकी मौत नहीं हो गई। उनकी कार को भी तोड़ डाला। मामला फूलपुर थानाक्षेत्र का है। कारोबारी की पहचान भरथरा गांव के रहने वाले मनीष सिंह के रूप में हुई है। वह रविवार देर रात में अपनी फैक्ट्री से घर लौट रहे थे, रास्ते में कार के सामने अचानक से एक महिला आ गई थी। मृतक कारोबारी के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने महिला के परिजन सहित 8 नामजद और 7 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने दो आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। ग्रामीणों के अनुसार, रविवार देर रात करीब 12 बजे मनीष अपनी फैक्ट्री से गांव कार से लौट रहे थे। घर से करीब 5 किलोमीटर दूर इंडस्ट्रियल एरिया में उनकी दोना-पत्तल बनाने की फैक्ट्री है। गांव के रास्ते में वह अभी घमहापुर में घुसे थे कि कार के सामने अचानक से बिंदु प्रजापति नाम की महिला आ गई। वह ब्रेक लगाते लेकिन महिला को ठोकर लग गई। मनीष ने कार रोकी और महिला के पास गए। अस्पताल पहुंचाने में मदद के लिए गांव के लोगों को पुकारने लगे। लोग जुटे तो अस्पताल ले जाने में मदद करने की बजाय मनीष से ही उलझ गए। कारोबारी ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाने और पूरा खर्च उठाने की बात कही लेकिन लोग माने नहीं। मृतक के चाचा अरुण सिंह के अनुसार, उनके भतीजे को 10-12 की संख्या में लोगों ने घेर लिया। ईंट से पहले उसकी कार को तोड़ दिया। इसके बाद उसे मारने पीटने लगे। मनीष छोड़ने के लिए गिड़गिड़ाते रहे लेकिन लोग नहीं माने। वे लोग ईंट से उसे मारते रहे। कारोबारी सड़क पर तड़पते रहे और कुछ ही देर में उन्होंने दम तोड़ दिया।

### मारवाड़ी महिला समिति ने लगाया रक्तदान शिविर



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** आज 26 अप्रैल, रविवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, विदिशा शाखा द्वारा लहुराबीर IMA बिल्डिंग ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान प्रमुख सुनीता जिंदल ने सक्रिय भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में सरिता तुलस्यान इस कार्यक्रम की संयोजिका रहीं। शिविर में 20 से 25 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। प्रमुख रक्तदाताओं में अभिनव खेमका, निधि खेमका, कविता तुलसियान, क्षमा अग्रवाल, नैना अग्रवाल, प्रतिमा सिंह, सुनीताराजेश अग्रवाल सुनीता कन्दोई आदि शामिल रहे। इस अवसर पर शाखा की संस्थापिका अध्यक्ष मधु तुलस्यान, अध्यक्ष सरोज तुलस्यान, सचिव प्रीति बाजोरिया, कोषाध्यक्ष चंदन खेमका एवं अन्य सदस्याएं शशि तुलस्यान, मनीषा खेमका किरण तुलस्यान संध्या अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, सुनीता कन्दोई, नैना अग्रवाल, सारिका प्रकाश इत्यादि उपस्थित रहीं।

### रेप विक्टिम को मोमबत्ती जलाकर दी गयी श्रद्धांजलि



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा ने गाजीपुर के कटारिया गांव निवासिनी निशा विश्वकर्मा की असामयिक संदिग्ध मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और सद्गति के लिए आज सायं काल काशी में गंगा के किनारे अवधूत राम घाट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में मोमबत्ती (कैंडी) जलाकर श्रद्धांजली दी गई। उन्होंने निशा विश्वकर्मा की मौत पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए संपूर्ण घटनाक्रम की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

**पीएम आगमन**

### दोपहर 12 से रात 11 बजे तक जरूरत पर ही निकलें घर से

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री के 28 अप्रैल को प्रस्तावित वीवीआइपी कार्यक्रम को देखते हुए शहर में दोपहर 12 बजे से रात 11 बजे तक ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा। यातायात प्रशासन ने व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए बसों, चार पहिया और मालवाहक वाहनों के संचालन में कई बदलाव किए गए हैं। इस बाबत लोगों से सहयोग की भी अपेक्षा की गई है। प्रयागराज, सोनभद्र और मीरजापुर की ओर से आने वाली बसों को मोहनसराय अंडरपास से मुड़ैला तिराहा तक ही आने दिया जाएगा। जौनपुर की ओर से आने वाली बसें हरहुआ रिंग रोड अंडरपास तक ही संचालित होंगी और काशी कृषक इंटर कालेज में पार्क की जाएंगी। ओवरब्रिज पर इन बसों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। गाजीपुर और आजमगढ़ की ओर से आने वाली बसों को आजमगढ़ रिंग रोड अंडरपास तक ही आने की अनुमति होगी, जहां से उन्हें वापस किया जाएगा। अमरा अखरी अंडरपास और चांदपुर चौराहा से भी सामान्य बसों को कार्यक्रम स्थल की ओर जाने से रोका जाएगा। प्रधानमंत्री के आगमन से दो घंटे पहले ही बाबतपुर चौकी तिराहा से भारी वाहनों का शहर में प्रवेश रोक दिया जाएगा और उन्हें बड़ागांव की ओर मोड़ा जाएगा।

### भारत सुरक्षा परिषद् के निर्वाचित पदाधिकारियों ने लिया शपथ

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** भारत सुरक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश प्रबन्ध कारिणी समिति के निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को गोलघर, मैदागिन स्थित पराड़कर स्मृति भवन के सभागार में सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष डा. जितेन्द्र प्रताप सिंह (निवर्तमान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी-प्रशासन, भदोही), उपाध्यक्ष डा. विजय प्रताप सिंह (वरिष्ठ कॉडियोलॉजिस्ट), मुख्य सचिव पद पर डा. सुल्तान खान, संयुक्त सचिव पद पर नीता सिंह को मुख्य अतिथि विश्व हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा भारत सुरक्षा परिषद् के केंद्रीय प्रबन्धकारिणी समिति के संरक्षक वरिष्ठ चिकित्सक अशोक कुमार सिंह ने शपथ दिलाया। इस अवसर पर पेंटिंग कला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेंट्रल हिंदू गर्ल्स स्कूल की कक्षा-7 की छात्रा कु. श्रद्धा रानी को सम्मानित किया गया।

### करसड़ा से हटेगा कूड़े का पहाड़

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** करसड़ा स्थित कूड़े के विशालकाय पहाड़ से जल्द ही मुक्ति मिलने वाली है। इसके बाद खाली होने वाली 25 एकड़ भूमि पर मियावाकी तकनीक से सघन जंगल विकसित किया जाएगा, जो पर्यावरण को नई संजीवनी देगा। निगम ने करसड़ा में जमा लाखों मीट्रिक टन कचरे के निस्तारण के लिए बायोमाइनिंग का रास्ता चुना है। इसके लिए जापानी तकनीक का उपयोग करते हुए इन कंपनियों ने पूरे डंपिंग ग्राउंड की मैपिंग और कचरे की मात्रा का सटीक आकलन कर लिया है।

### मंत्री ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**वाराणसी।** प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने रविवार को पहड़िया चौराहे से चित्रगुप्त मंदिर तक तथा उसके आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को 'स्वच्छ काशी-सुंदर काशी', 'स्वच्छ भारत-सुंदर भारत' का संदेश दिया। अभियान के तहत पहड़िया चौराहे से चित्रगुप्त मंदिर तक तथा आस-पास के क्षेत्र में भारी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ झाड़ू लगाकर सफाई किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष, पार्षद, मंडल पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## आर्य महिला पीजी कालेज में जानकी जयंती पर विशेष संवाद



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** आर्य महिला पी.जी. कॉलेज के तेजस्विनी प्रकोष्ठ एवं सेवाज्ञ संस्थानम् के संयुक्त तत्वावधान में 25 अप्रैल को जानकी जयंती के पावन उपलक्ष्य में एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'नारी : प्रभा और प्रतिछाया' विषय पर सेवाज्ञ संस्थानम् के संरक्षक आचार्य मिथिलेशनन्दिनी शरण महाराज, पीठाधीश्वर, सिद्ध पीठ हनुमत निवास, अयोध्या जी ने अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सेवाज्ञ संस्थानम् का परिचय डॉ. प्रज्ञा द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत वक्तव्य महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रचना दुबे ने दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सुनीता त्रिपाठी ने कुशलतापूर्वक किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जया मिश्रा ने प्रस्तुत किया।

### विशेष समिति करेंगी स्टेडियम का संचालन

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** स्टेडियम परिसर में महापौर अशोक कुमार तिवारी एवं नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य स्टेडियम के कुशल संचालन और उसकी सुविधाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए एक साझा कार्ययोजना तैयार करना था। चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के दैनिक कार्यों और संचालन की निगरानी के लिए एक 'विशेष समिति' का गठन किया जाएगा।

### सामूहिक विवाह समारोह में मजदूरों की 101कन्याओं की उठी डोली




**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** प्रदेश के मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय मंत्री अनिल राजभर सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में रविवार को उदप्रद भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों के वस्यक पुत्रियों हेतु संचालित 'कन्या विवाह सहायता योजना' के अन्तर्गत मण्डलीय सामूहिक विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने श्रमिकों एवं मौजूद उनके परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने श्रमिकों के उत्थान के विकासपरक तमाम योजनाएं चला रही हैं। बेटियों की शादी से लेकर बच्चों का भविष्य संवारने के लिए पठन-पाठन उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई हैं।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com




**पूर्वोत्तर रेलवे** — ई-बिड सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के ए श्रेणी के बलिया एवं सीवान स्टेशन पर जी.एम.यू (जनरल माइनर यूनिट) के अन्तर्गत खान-पान सेवा के प्रावधान के अन्तर्गत व्यक्तिगत/पार्टनरशिप फर्म/कंपनी/सोल प्रोपराइटर/को-आपरेटिव/सेल्फ़ हेल्प ग्रुप, खान-पान सेवा प्रदाताओं से एक चरण दो पैकेट प्रणाली के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| बीड सूचना सं. | स्टेशन | स्टेशन श्रेणी | कैटरिंग स्टाल संख्या | प्लेटफार्म नं. (लोकेशन) | संवर्ग | न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य | बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02/ 2026 | बलिया | ए | स्टाल सं.2 | 1 (Middle-in Railw]ay Building) | सामान्य | 6,50,711/- | 3,38,400/- |
| 03/ 2026 | बलिया | ए | स्टाल सं.3 | 1 (Near Last pssg-Shed. Chhapra side) | सामान्य | 2,56,200/- | 1,33,300/- |
| 04/ 2026 | सीवान | ए | स्टाल सं.3 | 1/4 (As per sketch plan) | सामान्य | 2,60,400/- | 1,35,500/- |
| 05/ 2026 | सीवान | ए | स्टाल सं.5 | 2/3 (As per sketch plan) | सामान्य-महिला | 3,64,560/- | 1,89,600/- |

(निविदा प्रपत्र शुल्क- रूपया 2500/-)

1. निविदा प्रपत्र- ई-निविदा से संबंधित निविदा प्रपत्र, निविदा सूचना, पात्रता एवं शर्तों का विस्तृत विवरण आईआरईपीएस पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं बयाना राशि का भुगतान, उपरोक्त के अनुसार आईआरईपीएस पोर्टल www.ireps.gov.in के आनलाइन पेमेंट गेटवे से किया जाना है। 3. ई-निविदा की प्राप्ति आईआरईपीएस पोर्टल www.ireps.gov.in पर प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 20.05.2026 को समय 14.00 बजे तक सबमिट किया जाना है। 4. ई-निविदा दिनांक 20.05.2026 को समय 15.00 बजे खोली जायेगी। 5. रेलवे के पास बिना कोई कारण बताये किसी निविदा प्रपत्र/समस्त निविदाओं को निरस्त/अस्वीकृत करने का अधिकार। 6. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा किसी भी प्रकार से प्राप्त मैनुअल निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 7. सभी संभावी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि इस निविदा से संबंधित किसी भी शुद्धि पत्र हेतु वे कृपया नियमित रूप से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। 8. पत्राचार हेतुः- कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, लहरतारा, वाराणसी पिन-221002, Tel: 0542-2224807, Fax: 0542-2224742

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), वाराणसी
मुजाधि/वाणिज्य-23

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापित यात्रा न करें।

### सड़क पर सिल्ट देखकर भड़के मेयर

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** शहर में चलाए जा रहे सप्ताहव्यापी महा-अभियान के तहत रविवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी ने सरायनंदन वार्ड स्थित जानकी नगर कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिलने पर उन्होंने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान महापौर ने देखा कि सीवर की सफाई तो कर दी गई है, लेकिन उसकी सिल्ट को सड़क पर ही छोड़ दिया गया है। इससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी असुविधा हो रही थी। इस पर नाराजगी जताते हुए महापौर ने निर्देश दिए कि सीवर सफाई के 24 घंटे के भीतर हर हाल में सिल्ट का उठाव सुनिश्चित किया जाए। कॉलोनी के निरीक्षण के दौरान एक खाली प्लॉट में बड़ी मात्रा में कूड़ा डंप देख महापौर ने असंतोष जाहिर किया।

## मऊ समाचार

### इकलौते बेटे की हत्या कर शव खेत में फेंका, सिर पर चोट के निशान, घर से 200 मीटर दूर पड़ी थी लाश



**मऊ।** जिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र के अरदौना गांव निवासी विपुल यादव (18) का शव सोमवार की सुबह खेत में पड़ा मिला। सिर पर गहरे चोट के निशान थे जिससे परिजनों ने हत्या की अशंका जताई। सोमवार की सुबह ग्रामीण खेत की तरफ टहलने निकले थे।

खेत में शव देख पुलिस को सूचना दिया, कुछ ही देर में वहां भीड़ इकट्ठा हो गयी। शव गांव निवासी भूपेंद्र यादव के इकलौते बेटे विपुल यादव का था। उनके सिर पर दाहिने तरफ चोट के गहरे निशान थे। वहां से उनका घर 200 मीटर दूरी पर है। मौके पर सीओ अंजनी कुमार पांडेय और थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। साक्ष्य जुटाने के बाद शव का पंचनामा बनाकर जिला अस्पताल भेजा दिया। सीओ अंजनी कुमार पांडेय ने बताया कि सिर पर चोट के निशान हैं। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा। घटना के खुलासा के लिए सर्विलांस टीम को सक्रिय कर दिया गया है।

## मीरजापुर समाचार

### पद्मश्री पुरस्कार–2027 नामांकन की तिथि 20 जून

**मीरजापुर।** विगत वर्षो की भांति आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2027 को पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री की उपाधियां भारत सरकार द्वारा दी जानी है।

मुख्य सचिव उत्तर प्रदेष एस0पी0 गोयल द्वारा समस्त जिलाधिकारी को भेजे गए आदेष के क्रम में अवगत कराया गया है कि आगामी वर्ष 2027 हेतु भी भारत सरकार द्वारा उक्त उलब्धियों के आनलाइन आवेदन (बेबसाइट– https://padmaawards.gov.in) किए जाने की व्यवस्था की गई है। सम्बन्धित महानुभाव/महानुभावो के बारे में संस्तुतियां राज्य सरकार द्वारा निर्धारित समयावधि में आनला. इन भारत सरकार को भेजा जाना प्रस्तावित है।

## जौनपुर समाचार

### ट्रक की चपेट में आने से पत्नी की मौत, पति और 4 साल का मासूम बाल बाल बचा



**चंदवक।** थाना क्षेत्र के रामदेवपुर निवासी काजल शर्मा (31) की शनिवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। वह चंदवक बाजार के मनियारेपुर गांव के समीप स्थित अपने ब्यूटी पार्लर से पति विकास शर्मा और चार वर्षीय बेटे वंश के साथ स्कूटी से घर लौट रही थीं। पति विकास ने बताया शाम करीब 6 बजे पटरी से मुख्य सड़क पर चढ़ते समय काजल की स्कूटी अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर गिर पड़ी। इस दौरान पास से गुजर रहे बालू लदे ट्रक की चपेट में आने से काजल के सिर में गंभीर चोट लग गई। पति विकास और बेटा वंश हादसे में सुरक्षित बच गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने काजल को निजी वाहन से सीएचसी बीरीबारी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पत्नी की मौत की खबर सुनते ही अस्पताल में मौजूद पति विकास रो पड़े। विकास की काजल के साथ 12 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। काजल अपने पीछे छह वर्षीय बेटी श्रेया और चार वर्षीय बेटे वंश को छोड़ गई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चंदवक थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि पति विकास की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भदोही समाचार

### शिक्षा से ही बिंद और निषाद समाज का होगा भला : प्रवीण

**ज्ञानपुर।** नगर के वार्ड नंबर नौ की सभासद श्री देवी के आवास पर रविवार को निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद के बेटे पूर्व सांसद प्रवीण कुमार निषाद का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पूर्व सांसद ने कहा कि बिंद और निषाद समाज आज भी शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा है। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाएं। बिना शिक्षा के समाज को मजबूती नहीं मिलेगी। उन्होंने आगामी चुनाव पर भी कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इससे पहले पूर्व सांसद प्रतिनिधि विजय कुमार बिंद ने अंगवस्त्रम एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। इस दौरान मनोज मोदनवाल, विजय त्यागी, आशीष रावत, संतोष मिश्रा, चंद्रशेखर निषाद, सचिन निषाद, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, राजेश बिंद, राकेश यादव, देवी प्रसाद पांडेय, पिंटू दास आदि रहे।

## गाजीपुर समाचार

### पैतृक गांव लाया गया सिपाही का शव



**मनिहारी।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र के कुसारी गांव के सामने रेलवे ट्रैक के पास मृत मिले सिपाही अमरनाथ यादव का शव शनिवार की रात पैतृक गांव शादियाबाद के सिंहनाथ (चुरावनपुर) पहुंचा। पुत्र का शव देख मां परमी देवी बिलख पड़ीं। आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ दरवाजे पर जुट गई। गांव के लोग परिजनों को सांत्वना देने में जुटे थे। ग्रामीणों के बीच सिपाही की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। लोगों का कहना था कि अमरनाथ की बाइक घटनास्थल से कुछ दूरी पर झाड़ियों में खड़ी मिली, जबकि शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा था। ऐसे में यह सामान्य हादसा नहीं है। ग्रामीण ने हत्या की आशंका जताई। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिलने से भी संदेह और गहरा गया है। बड़े भाई रामविलास यादव ने बताया कि अमरनाथ यादव की शादी वर्ष 2010 में बहरियाबाद थाना क्षेत्र के बघांव सलेमपुर गांव निवासी सविता यादव से हुई थी। उनके परिवार में पत्नी और दो वर्षीय बेटी लाडो है। घर पर पिता के शव के पास खड़ी मासूम लाडो कभी अपनी मां को रोता देखती रही तो कभी अपने पिता को, मानो समझने की कोशिश कर रही हो कि आखिर उसके पापा क्यों नहीं उठ रहे हैं। परिजनों ने अंतिम संस्कार गाजीपुर श्मशान घाट पर किया। साथ ही परिजनों ने हंडिया पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर घटना का पर्दाफाश करने की मांग की है।

## चंदौली समाचार

### स्कूटी से रिश्तेदार के घर जा रहे युवक को पिकअप ने रौंदा, मौत

**कंदवा।** सैयदराजा-जमानिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर जेवरियाबाद गांव के पास शनिवार की रात लगभग 10 बजे तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी सवार अमन कुमार (18) निवासी सैयदराजा मालगोदाम रोड को रौंद दिया। इसके बाद पिकअप घटनास्थल से लगभग 15 मीटर दूर माइनर में जा गिरा। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर खेत के रास्ते भाग गया। बरहनी से सैयदराजा जा रहे सपा के पूर्व विधायक मनोज सिंह अपने निजी वाहन से घायल युवक को जिला अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अमन स्कूटी से खड़ान गांव स्थित एक रिश्तेदार के घर जा रहा था। रास्ते में जेवरियाबाद माइनर के पास तेज रफ्तार से आ रही पिकअप अनियंत्रित होकर गलत दिशा में जाकर स्कूटी सवार को रौंद दिया। सूचना मिलने के पहुंची पुलिस ने अमन के परिवार को घटना की जानकारी दी।

## सोनभद्र समाचार

### चिलचिलाती धूप में दो घंटे तक लगाई कतार, फिर भी नहीं मिला सिलिंडर



**सोनभद्र।** रसोई गैस सिलिंडर के लिए उपभोक्ताओं की परेशानी खत्म नहीं हो रही। लगन-विवाह के सीजन में हालात और विकट हो गए हैं। दो दिन बाद रविवार को गैस सिलिंडर की खेप पहुंचने की सूचना मिलते ही उपभोक्ताओं की भीड उमड़ पड़ी। 270 सिलिंडर ही पहुंचे थे, जबकि इसे लेने के लिए 500 से ज्यादा लोगों की कतार लग गई। चिलचिलाती धूप में सिलिंडर के लिए लाइन में घटों खड़े रहे महिला-पुरुषों में वितरण व्यवस्था को लेकर कड़ी नाराजगी रही। पिछले डेढ़ माह से रसोई गैस की समस्या जिले में बनी हुई है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद भी सिलिंडर नहीं मिल पा रहा। गैस कंपनियों की ओर से होम डिलीवरी का आश्वासन दिया जा रहा है, मगर तय समय के बाद भी सिलिंडर न पहुंचने पर उपभोक्ता खुद एजेंसी पहुंच रहे हैं। वहां उन्हें उमस, गर्मी और धूप के बीच समस्या झेलनी पड़ रही है। रॉबर्ट्सगंज स्थित विंध्य गैस एजेंसी पर दो दिन बाद सिलिंडर की खेप पहुंची थी। वितरण की जानकारी मिलते ही उपभोक्ताओं की भीड़ पकरी नहर के पास स्थित बगीचे में उमड़ पड़ी। भीषण गर्मी के बीच महिलाएं, बुजुर्ग और मासूम बच्चियां तक घंटों कतार में खड़ी रहीं। कई लोगों को दोपहर तक इंतजार के बाद भी सिलिंडर नहीं मिल सका। एजेंसी संचालक का कहना था कि 270 सिलिंडर आए थे, जबकि उपभोक्ताओं की संख्या काफी अधिक थी। नियमानुसार बुकिंग कराने वालों को सिलिंडर दिया गया। ऑटो बुक कर घर से यहां सिलिंडर लेने आई हूं। सुबह से ही लाइन में खड़ी हूं, लेकिन तीन घंटे बाद भी सिलिंडर नहीं मिला। छाया पानी की व्यवस्था न होने के कारण परेशानी हो रही है। बुकिंग के बावजूद होम डिलीवरी नहीं हो रही। मजबूरी में उपभोक्ताओं को धूप में परेशान होना पड़ रहा है। जिला प्रशासन को गैस सिलिंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित कराना चाहिए। पहले से बुकिंग होने के बाद भी घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है, जबकि होम डिलीवरी का निर्देश है। दो दिन तक इंतजार के बाद धूप में सिलिंडर लेने यहां पहुंचे हैं। कई वर्षों बाद सिलिंडर के लिए ऐसी परेशानी देख रहे हैं। विद्यालय का गैस सिलिंडर समय से पहुंचना चाहिए, लेकिन इसके लिए भी लंबी लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। छुट्टी के दिन सिलिंडर के लिए कतार लगाकर खड़े हैं, ताकि बच्चों की पढ़ाई और भोजन व्यवस्था प्रभावित न हो।

## देवरिया समाचार

### बेकाबू बाइक खेत में गिरी, युवक की मौत

**बघौचघाट।** ग्राम पंचायत दुलार पट्टी हरखौली निवासी रमेश यादव (40) की सड़क हादसे में मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि रमेश यादव मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। बड़े भाई राजेश यादव दिव्यांग हैं, जबकि छोटे भाई भी मजदूरी करता है। रमेश शनिवार की सुबह पास के गांव में मजदूरी करने गए थे। देर शाम वह बाइक से घर लौट रहे थे। गांव के दक्षिण दिशा खेत के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर गिर गई। सुनसान जगह होने के कारण देर रात तक हादसे की जानकारी किसी को नहीं हो सकी। गंभीर चोट लगने से रमेश की मौके पर ही मौत हो गई। देर रात गांव के कुछ लोग टहलने निकले तो खेत किनारे गिरी बाइक देखकर मौके पर पहुंचे। वहां युवक को मृत अवस्था में पड़ा देखा।

## आजमगढ़ समाचार

### हल्दी की रस्म से लौट रहे थे दंपती, रास्ते में मौत कर रही थी इंतजार, हादसे में पत्नी की मौत



**आजमगढ़।** जिले के बरदह थाना क्षेत्र के ठेकमा बाजार में रविवार रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें गंभीर रूप से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। सरावां गांव निवासी शिव बचन प्रजापति अपनी पत्नी मंजू देवी (50) के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। दोनों गंभीरपुर थाना क्षेत्र के कुत्तू परशुरामपुर स्थित ससुराल से हल्दी-मंडप की रस्म में शामिल होने गए थे। 28 अप्रैल को मंजू देवी के मायके में उनके भतीजे की शादी भी होनी थी। जैसे ही दोनों ठेकमा बाजार स्थित मौर्य पुस्तकालय के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मंजू देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि उनके पति को भी चोटें आईं। मौके पर मौजूद दरोगा पुनीत कुमार श्रीवास्तव ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम के साथ घायल महिला को नजदीकी अस्पताल भिजवाया। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मंजू देवी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। मंजू देवी अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गई हैं।

## सुल्तानपुर समाचार

### अलग-अलग हादसों में बाइक सवार तीन युवकों की गई जान

**अखंडनगर/धम्मौर।** अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। एक हादसा अखंडनगर के भेलारा के पास हुआ, वहीं दूसरी दुर्घटना धम्मौर के कचनावां गांव के पास हुई। बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था।

अंबेडकरनगर-जौनपुर मार्ग पर भेलारा स्थित ढाबे के पास शुक्रवार रात सड़क के बीच एक गड्ढे से अनियंत्रित होकर बाइक के पलटने से हरपुर निवासी शादाब (25), भेलारा निवासी विशाल (24) व ओम प्रकाश (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। शादाब की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। विशाल व ओम प्रकाश को जौनपुर के शाहगंज स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक शादाब चला रहे थे। उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था।

## प्रयागराज समाचार

### 'मेरे बेटे के अपनी मां के साथ संबंध, उसे मार डाला', बाप ने किया कत्ल



**प्रयागराज।** दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। करेली थाना इलाके में शुक्रवार देर रात रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई। एक पिता ने जूसर के हैंडल से सिर कुंचकर 20 वर्षीय बेटे की हत्या कर दी। इसके बाद शव को कमरे में बंद किया और मकान में ताला जड़कर फरार हो गया।

करेली पुलिस ने हत्या की एफआईआर दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया है। पत्नी से अवैध संबंध के शक में वारदात को अंजाम दिए जाने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार, आरोपी के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे थे और वह नशे का आदी है। वहीं, उसका सबसे बड़ा 20 वर्षीय बेटा सब्जी का काम करता था। शुक्रवार रात आरोपी का बेटे के साथ झगड़ा हो गया। विवाद ज्यादा बढ़ा तो बेटे के कहने पर मां अतरसुइया स्थित अपने मायके चली गई। इसके बाद बात खत्म हुई तो तीनों बेटे खाना खाकर छत पर सोने चले गए। सुबह जब बेटे छत से नीचे आए तो देखा कि पिता घर पर नहीं है। कमरे में ताला जड़ा होने के साथ ही घर का मुख्य दरवाजा भी बाहर से बंद है। मामले की जानकारी बेटों ने मां को फोन पर दी। मुख्य दरवाजे को खोलने के बाद कमरे का ताला खोला तो सभी के होश उड़ गए। उनका सबसे बड़ा बेटा जमीन पर खून से लथपथ पड़ा था, उसकी मौत हो चुकी थी।

मामले की सूचना पर एसीपी अतरसुइया निकिता श्रीवास्तव, करेली थाना प्रभारी आशीष सिंह समेत फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और वीडियोग्राफी कर साक्ष्य जुटाए।

पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए तो पारिवारिक कलह की बात सामने आई। जांच में पता चला कि पत्नी से अवैध संबंध के शक में आरोपी ने अपने बेटे की हत्या कर दी। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें लगाई। मोबाइल की लोकेशन और परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस आरोपी के ठिकाने तक पहुंची और उसे पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे शक था कि बेटे के मां के साथ अवैध संबंध हैं, इसीलिए उसे मार डाला।

## गोरखपुर समाचार

### गेंहू लदी ट्रॉली से भिड़ी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो, दो की मौत- एक घायल जानिए कैसे हुए हादसा



**गोरखपुर।** थाना क्षेत्र के भर्रोह चौराहे के पास गोला-बड़हलगंज रामजानकी मार्ग पर शनिवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। गेहूं लदी ट्रॉली में पीछे से तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कॉर्पियो सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार, रात करीब साढ़े दस बजे गोला की ओर जा रही गेहूं लदी ट्रॉली को पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकाला। हादसे में कोहड़ी निवासी 21 वर्षीय अजय कुमार यादव और 20 वर्षीय कुणाल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 22 वर्षीय प्रसून उर्फ अंकुर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में बड़हलगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक अविवाहित थे और किसी कार्य से जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बलिया समाचार

### बलिया में बाइक से गिरकर ट्रैक्टर के नीचे आई युवती, दो दिन बाद तय था कार्यक्रम



**बलिया।** बेल्थरा मार्ग पर नवानगर चांडी के समीप सोमवार को एक ईंट लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से 25 वर्षीय युवती की मौत हो गई। युवती अपने भाई के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए आ रही थी, जो 29 अप्रैल को आयोजित होना था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के कोथ महरो गांव निवासी पूजा सिंह (25), पुत्री शिवाजी सिंह, सोमवार दोपहर अपने भाई के साथ बाइक से बेल्थरा से अपने गांव लौट रही थीं।

नवानगर चांडी के समीप आगे चल रहे ईंट लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से वह असंतुलित होकर सीधे ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और शव को अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सिकंदरपुर मूलचंद चौरसिया ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## लाइफ मंत्र

### संतान सुख और समृद्धि के लिए 28 अप्रैल को रखें व्रत, नोट करें पूजा का सबसे शुभ मुहूर्त और नियम



सनातन धर्म में वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। इस पावन तिथि को परशुराम द्वादशी के रूप में मनाया जाता है। इसे कई स्थानों पर रुक्मिणी द्वादशी और मधुसूदन द्वादशी के नाम से भी जाना जाता है। भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी को समर्पित यह दिन भक्तों के लिए सुख, समृद्धि और संतान सुख का वरदान लेकर आता है।

**28 अप्रैल को रखा जाएगा परशुराम द्वादशी व्रत**

साल 2026 में परशुराम द्वादशी का व्रत 28 अप्रैल, मंगलवार को रखा जाएगा। ज्योतिष गणना के अनुसार, द्वादशी तिथि का विवरण इस प्रकार है:

**तिथि का प्रारंभ:** 27 अप्रैल 2026 को शाम 06:15 बजे से।

**तिथि का समापन:** 28 अप्रैल 2026 को शाम 06:51 बजे तक।

**व्रत पारण का समय:** 29 अप्रैल 2026 की सुबह 05:42 बजे से 08:21 बजे के बीच।

**क्यों खास है परशुराम द्वादशी, धार्मिक महत्व**

हिन्दू कैलेंडर के अनुसार वैशाख माह में शुक्ल पक्ष की द्वादशी को परशुराम द्वादशी मनाई जाती है। इस दिन भगवान परशुराम की पूजा करने से निसंतानों को संतान की प्राप्ति होती है। वैसे तो हिंदू धर्म में संतान प्राप्ति की कामना के लिए बहुत से व्रत, उपवास किए जाते हैं लेकिन शास्त्रों के अनुसार ये व्रत बहुत ही खास माना गया है। भगवान विष्णु ने परशुराम रूप में अवतार लिया था। भगवान परशुराम को अजर-अमर माना गया है इसलिए उनकी पूजा करने से हर मनोकामना पूर्ण हो जाती है और सूनी गोद को भरने की ख्वाइश भी जल्द पूरी होती है। तो आइए जानतें हैं किस विधि से भगवान परशुराम की पूजा करनी चाहिए-

**परशुराम द्वादशी पूजा विधि:** स्नान-ध्यान से फ्री होकर व्रत करने का संकल्प लें। इसके बाद घर के मंदिर में बैठकर चौकी पर पीला कपड़ा बिछाकर परशुराम जी की तस्वीर स्थापित करें। यदि उनका चित्र घर में न हो तो भगवान विष्णु का चित्र भी रखा जा सकता है। गंगा जल या किसी शुद्ध जल से चित्र या मूर्ति को पवित्र करें। परशुराम जी का ध्यान करते हुए उनको 21 पीले फूल अर्पित करें और पीले रंग की कोई भी मिठाई तुलसी पत्र डालकर अर्पित करें। परशुराम जी की कथा सुनने के बाद इन मंत्रों का 108 बार जाप करें-

**ॐ जामदग्न्याय विद्महे महावीराय धीमहि तन्नो परशुरामः प्रचोदयात्॥**

**'ॐ रां रां ॐ रां रां परशुहस्ताय नमः॥**

**'ॐ ब्रह्मक्षत्राय विद्महे क्षत्रियान्ताय धीमहि तन्नो रामः प्रचोदयात्॥'**

इन मंत्रों का जाप करने से संतान प्राप्ति की कामना बहुत जल्द पूर्ण हो जाती है।

## *Navratna Bangles का ये Latest Design बना Fashion Trend, शादी-पार्टी में देगा Royal Look*



इस लेख में नवरत्न बैंगल्स के 5 लेटेस्ट डिजाइन्स का विश्लेषण किया गया है, जो किसी भी फंक्शन के लिए परफेक्ट हैं। इसमें मल्टीकलर फ्लोरल, कुंदन, गोल्ड प्लेटेड और व्हाइट डायमंड केरी शेप जैसे ट्रेंडी बैंगल्स शामिल हैं जो आपके एथनिक लुक को पूरा करते हैं। किसी भी फंक्शन के लिए रैडी होने के लिए आउटफिट होना काफी जरुरी है लेकिन लुक को परफेक्ट बनाने के लिए सुंदर एक्सेसरीज होना भी जरुरी होता है। अगर आप भी शादी एवं पार्टी में चार चांद लगाना चाहती हैं, तो आज ही इस तरह के नवरत्न बैंगल्स सेट को खरीद लें। यह आपके हाथों की सुंदरता बढ़ा देंगी। ज्यादातर महिलाओं को चूड़ी पहनने काफी शौक होता है, ऐसे में आप सुंदर कंगन को पहनकर अपने लुक को शानदार बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको नवरत्न बैंगल्स का कलेक्शन शेयर करने वाले है, एक बार इनको पहन लिया तो सब लोह आपकी तारीफ करेंगे।

**मल्टीकलर नवरत्न बैंगल्स**

किसी भी खास मौके पर अपने लुक को गॉर्जियस और बेहतर बनाने के लिए किसी भी आउटफिट के साथ आप मल्टीकलर नवरत्न फ्लोरल बैंगल्स को ट्राई कर सकते हैं। आपको इस तरह के बैगल्स ऑनलाइन मिल जाएंगे या फिर आप नजदीकी बाजार में ज्वेलरी शॉप से भी खरीद सकते हैं।

**व्हाइट कलरफुल मोती डिजाइन नवरत्न बैंगल्स**

हाथों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए और रॉयल लुक पाने के लिए, अब इस तरह के लेटेस्ट और नए डिजाइन वाले व्हाइट कलरफुल मोती वाले नवरत्न बैंगल्स को शामिल कर सकते हैं। अपने हाथों की खूबसूरती को बढ़ा सकते हैं।

**मल्टीकलर जेमस्टोन कुंदन नवरत्न बैंगल्स**

खास मौके पर खुद को स्टाइलिश बनाने के लिए आप इस तरह के बैंगल्स को खरीद सकती है। इसको आप ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट के जरिए खरीद सकती हैं या फिर अपने नजदीकी बाजारों से भी खरीद सकती है।

**गोल्ड प्लेटेड नवरत्न बैंगल्स**

यदि आपको डेली वियर के लिए बैंगल्स चाहिए, तो इस तरह के डिजाइन आपके लिए परफेक्ट साबित होंगे। इस तरह के खूबसूरत बैंगल्स हाथों में चार चांद लगा देते हैं। इसके साथ ही स्टाइलिश और अट्रैक्टिव लुक पा सकते हैं।

**व्हाइट डायमंड केरी शेप नवरत्न बैंगल्स**

अगर आप चाहें तो लेटेस्ट ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए व्हाइट डायमंड से सजे केरी शेप नवरत्न बैंगल्स को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। ये बैंगल्स आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। इन्हें आप ट्रेडिशनल और एथनिक ड्रेस के साथ-साथ साड़ी या लहंगे के साथ भी आसानी से कैरी कर सकती हैं। इस तरह के स्टाइलिश बैंगल्स आपको विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म पर आसानी से मिल जाएंगे।


लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप






मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ









## Fashion Trend में छाया Lavender Colour, Office Look के लिए ट्राय करें ये बेस्ट सूट डिजाइन

**बीते कुछ समय में लैवेंडर रंग के कितने उदाहरण हमने देखे हैं। आज हम आपको कुछ लेटेस्ट लैवेंडर कलर के सूट डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। जोकि ऑफिस वियर के लिए बेस्ट हो सकते हैं।**

फैशन की दुनिया में हर दिन कुछ न कुछ बदलाव होता रहता है। वहीं वर्किंग वुमेन अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए मेकअप से लेकर ड्रेसिंग तक पर खास ध्यान देती हैं। वहीं हर रोज नए-नए आउटफिट पहनकर स्टाइलिश नजर आती हैं।

बता दें कि बीते कुछ समय में लैवेंडर रंग के कितने उदाहरण हमने देखे हैं। वहीं इस रंग को महिलाओं ने भी दिल से स्वीकार किया है और अपनी वॉर्डरोब का हिस्सा बनाया है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ लेटेस्ट लैवेंडर कलर के सूट डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। जोकि ऑफिस वियर के लिए बेस्ट हो सकते हैं।

**स्क्वायर नेक फुल स्लीव्स कुर्ता सेट**

अपने ऑफिस में स्टाइलिश लुक पाने के लिए स्क्वायर नेक फुल स्लीव्स कुर्ता सेट को कैरी कर सकती हैं। यह सूट आपकी खूबसूरती को दोगुना कर देगा। खासकर ऑफिस जाने वाली लड़कियों के लिए ऐसे सूट डिजाइंस बेस्ट हो सकते हैं।

**लैवेंडर कलर एम्ब्रॉयडरी वर्क सीक्विन कुर्ता सेट**

अगर आप भी ऑफिस में पहनने के लिए खूबसूरत सूट की तलाश में हैं। तो आप खूबसूरत लैवेंडर कलर एम्ब्रॉयडरी वर्क सीक्विन कुर्ता सेट कैरी कर सकती हैं। यह ऑफिस वियर के लिए एकदम परफेक्ट है। यह आपको खूबसूरती को बढ़ाने के साथ स्टाइलिश लुक देगा। आप इस तरह का सूट ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगहों से खरीद सकती हैं।

**रेगुलर थ्रेड वर्क लैवेंडर कलर कुर्ता**

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप भी अपने वॉर्डरोब में खूबसूरत रेगुलर थ्रेड वर्क लैवेंडर कलर कुर्ता, ट्राउजर सेट शामिल कर सकती हैं।

यह आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगा। वहीं आप यह सूट पहनकर ऑफिस भी जा सकती हैं। यह आपके लुक अट्रैक्टिव बनाने में काफी मददगार हो सकता है।

**लैवेंडर कलर फ्लेयर्ड स्लीव्स थ्रेड वर्क कुर्ता सेट**

अगर आप भी अपने ऑफिस में स्टाइलिश और खूबसूरत लुक पाना चाहती हैं। तो आपको कंफ्यूज होने की जरूरत नहीं है।

आप ऑफिस के लिए लैवेंडर कलर फ्लेयर्ड स्लीव्स थ्रेड वर्क कुर्ता सेट को ट्राई कर सकती हैं। इस दिनों ऐसे सूट डिजाइंस का काफी ट्रेंड में है। वहीं ज्यादातर महिलाएं फेस्टिवल आदि में ऐसे सूट पहनना पसंद करती हैं।

**लैवेंडर कलर वी नेक फ्लोरल प्रिंट कुर्ता सेट**

अगर आप भी अपने ऑफिस जाने के लिए एक जैसे सूट पहनकर बोर हो गई हैं। तो आप लैवेंडर कलर वी नेक फ्लोरल प्रिंट कुर्ता सेट ट्राई कर सकती हैं। आप इसको ऑफिस पहनकर जा सकती हैं। वहीं इसमें आपका लुक भी बेहद प्यारा नजर आएगा।

## हेयर वॉश की सही टाइमिंग से बढ़ सकता है चेहरे का ग्लो, जानिए कब धोएं बाल



हेयर वॉश की सही टाइमिंग से बढ़ सकता है चेहरे का ग्लो, अगर आप अपनी स्किन को ग्लोइंग बनाना चाहती हैं तो ऐसे में सुबह बाल धोना काफी अच्छा माना जाता है, क्योंकि इससे दिनभर आप ज्यादा फ्रेश और साफ नजर आते हैं और ऑयली लुक कम होता है। साथ ही हेयर वॉश करने की वजह से आपका पूरा लुक निखरता है

जब भी हेयर केयर की बात होती है तो हम सभी शैम्पू पर ध्यान देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि हेयर वॉश सिर्फ आपके बालों का ही ख्याल नहीं रखता है, बल्कि इससे आपकी स्किन पर भी गहरा असर पड़ता है। जी हां, सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन जब आप अपने बालों को सही समय पर धोते हैं तो इसे आपके चेहरे पर भी ग्लो आता है।

दरअसल, सिर में जमा तेल, पसीना, धूल और डैंड्रफ कई बार त्वचा को प्रभावित करते हैं। ऐसे में अगर सोच-समझकर सही समय पर हेयर वॉश किया जाए, तो इससे आपका चेहरा ज्यादा साफ, फ्रेश और ग्लोइंग नजर आ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम जानते हैं कि हेयर वॉश की टाइमिंग और स्किन ग्लो के बीच क्या कनेक्शन है-

अगर सही समय पर हेयर वॉश किया जाए तो इससे स्किन ग्लोइंग महसूस होती है। इन दोनों का आपस में गहरा कनेक्शन है-

सिर में बनने वाला अतिरिक्त तेल माथे, हेयरलाइन और चेहरे तक आ सकता है। जिससे बालों व स्कैल्प के साथ-साथ चेहरा चिपचिपा लग सकता है। ऐसे में सही समय पर बाल धोने से चेहरा ज्यादा साफ महसूस होता है।

सिर पर पसीना, धूल और प्रदूषण मौजूद होने पर चेहरे पर असर नजर आता है। जिससे चेहरा थका हुआ और डलनेस महसूस होती है। ऐसे में बाल धोने के बाद पूरा लुक ग्लोइंग नजर आता है।

अगर डैंड्रफ माथे, आईब्रो या गालों तक गिरते हैं, तो ऐसे में चेहरे पर भी छोटे दाने, खुजली या जलन हो सकती है। वहीं, सही समय पर बाल धोने से स्किन साफ व फ्रेश नजर आती है।

**बालों को कब वॉश करें?**

अगर आप अपनी स्किन को ग्लोइंग बनाना चाहती हैं तो ऐसे में सुबह बाल धोना काफी अच्छा माना जाता है, क्योंकि इससे दिनभर आप ज्यादा फ्रेश और साफ नजर आते हैं और ऑयली लुक कम होता है। साथ ही हेयर वॉश करने की वजह से आपका पूरा लुक निखरता है।

वहीं, अगर आपने अपना पूरा दिन बाहर रहकर धूल-मिट्टी और पसीने में बहाया है तो ऐसे में शाम के समय हेयर वॉश करना काफी अच्छा माना जाता है। इससे ना केवल दिनभर की गंदगी निकल जाती है, बल्कि तकिए पर भी तेल कम लगता है। साथ ही, अगली सुबह चेहरा ज्यादा साफ लग सकता है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762






बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
गैस्ट्रो, पेट व लीवर रोग विशेषज्ञ
अनुभव : 05 वर्ष
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170